कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 00
**OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS**
No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009

**दूरभाष/TELE: 040-27843385** **फैक्स/FAX:040-27817275**

**सं. हि0क0/2158/न.रा.भा.का.स.** **दिनांक/Dated: 16.06.2021**

सेवा में, To
सभी अधीनस्थ कार्यालय All Sub-offices
(वे.ले.का. सहित) (including PAOs)
(स्थानीय) (Local)

विषय: नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.-3), हैदराबाद की छमाही बैठक - मुख्य अंशों के संबंध में ।

Sub : Half-Yearly Meeting of Town Official Language Implementation Committee(Off-3), Hyderabad - Main points - reg.

******

जैसा कि आप जानते हैं, रक्षा लेखा नियंत्रक, सिकंदराबाद नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (हैदराबाद-सिकंदराबाद) का सदस्य है। इस कार्यालय को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.-3), हैदराबाद के अधीन लाया गया है जो सी.एस.आई.आर. - राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (CSIR-NGRI), उप्पल रोड, हैदराबाद द्वारा संचालित किया जा रहा है । हाल ही में उक्त समिति की छमाही बैठक आयोजित की गई । यह बैठक दिनांक 06.04.2021 को प्रातः 11.00 बजे ऑन-लाइन माध्यम से डॉ. वी.एम. तिवारी, निदेशक, सी.एस.आई.आर. - राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (CSIR-NGRI) की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (CPWD), हैदराबाद क्षेत्र के अपर महानिदेशक श्री टी.एस. विवेकानंद जी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया । बैठक के दौरान चर्चा किए गए मुख्य विषयों और लिए गए निर्णयों को सभी की सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु परिचालित किया जाता है:-

As you are aware, CDA, Secunderabad is a member of Town Official Language Implementation Committee (Hyderabad-Secunderabad). This office has been brought under Town Official Language Implementation Committee (Off.-3) which is being maintained by CSIR- NGRI, Hyderabad. The half-yearly meeting of the said committee was held online on 06.04.2021 at 1100 hrs and was chaired by Dr. V.M. Tiwari, Director, CSIR- NGRI, Hyderabad. Director. The Addl. Controller General, CPWD, Hyderabad Region, Shri T.S. Vivekananda was invited as the Chief Guest for the said meeting. The main points discussed during the meeting and the decisions taken are being circulated for information and necessary action.

(1) अपने संबोधन में नराकास के अध्यक्ष श्री वी.एम. तिवारी, निदेशक, एन.जी.आर.आई. ने कहा कि इस खराब दौर में समय के अनुरूप ढालने की आवश्यकता है जिसमें डिजिटल माध्यम का हम भरपूर प्रयोग कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि न.रा.का.स. के गठन का उद्देश्य समिति के सदस्य कार्यालयों में राजभाषा को बढ़ावा देने में और राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में आई कठिनाइयों

को दूर करने के लिए एक संयुक्त मंच प्रदान करना है । इस संबंध में उन्होंने सभी सदस्य कार्यालयों को निम्नांकित निदेश दिए :

(क) सभी सदस्य कार्यालयों के अध्यक्ष अपने-अपने कार्यालय में पता लगाएं कि ऐसे कौन से तकनीकी कारण हैं जिनकी वजह से राजभाषा को बढ़ावा देने में मुश्किलें पैदा हो रही हैं और आपसी वार्तालाप से उन्हें दूर करें ।

(ख) प्रत्येक कार्यालय में कर्मचारियों को अवगत कराया जाए कि राजभाषा कार्यान्वयन भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कार्यालय का दूसरा कार्य ।

(ग) हिंदी भाषा, टंकण और आशुलिपि प्रशिक्षण पूरा किया जाए ।

(घ) हिंदी पदों की भर्ती और सृजन के लिए प्रयास किए जाएं और अपने-अपने मुख्यालय कार्यालय से पत्राचार करें, जब तक कि रिक्त पद भरे न जाएँ।

(ङ) आज के तकनीकी युग में राजभाषा में समुचित और समयबद्ध रूप से कार्य करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकी साधनों और डिजिटल माध्यमों का सहारा लिया जाना चाहिए और कर्मचारियों को उन माध्यमों के ज़रिए कार्य करने में सक्षम बनाया जाए ।

In his address, the Chairman Dr. V.M. Tiwari, Director, NGRI said that during this bad phase, we need to transform ourselves according to the changed scenario in which we can make maximum use of digital medium. He added that the objective of constitution of TOLIC is to encourage use of Official Language in the offices and to provide a joint platform for solving the problems being faced in implementation of the Official Language policy. In this connection he requested all member offices to follow the followng directions:

(a) all heads of the member offices may find out what are the technical problems due to which there are obstancles in promoting Official Language in their respective offices and solve the problems by mutual communication.

(b) employees of every office should be made to understand that Official Language work is as important as any other work in the office.

(c) to complete training in Hindi Language, Hindi Typewriting and Shorthand

(d) all efforts to be made to fill up the vacant posts of Hindi and creation of new posts of Hindi. All offices may write to their respective Headquarters office and continue to do so until the vacant posts are filled up.

(d) In this technical age, use of Information technology tools and digital media should be encouraged for proper and time-bound implementation of the Official Language policy and employees should be trained to skillfully work with use of these media.

(2) मुख्य अतिथि, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, हैदराबाद क्षेत्र के अपर महानिदेशक श्री टी.एस. विवेकानंद जी ने अपने कार्यालय के कार्यक्षेत्र का परिचय दिया जिसमें उन्होंने बताया कि उनका कार्यालय भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय के अंतर्गत आता है और वे विशाल निर्माण-कार्य जैसे अनेक विश्वविद्यालय, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय आदि के लिए भवन, कार्यालय, प्रयोगशालाएँ, छात्रावास आदि का निर्माण करते हैं ।

उन्होंने अपने कार्यालय में राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए उठाए जा रहे कदमों का उल्लेख किया।

The Chief Guest of the meeting, Shri T.S. Vivekananda, Additional Director General , CPWD, Hyderabad Region gave introduction to the work-sphere of their office during which he informed that their office comes under Ministry of Urban Development, Government of India and takes up large construction works for organisations such as several universities, Indian Institute of Technology, Kendriya Vidyalayas, Navodaya Vidyalayas etc. and construct buildings like offices, laboratories, hostels etc. for them He also explained about the steps being taken by their office for propogation of Official Language Hindi.

(3) डॉ नरेश बाला, सहायक निदेशक, हिंदी शिक्षण योजना, हैदराबाद, ने सदस्य कार्यालयों से हिंदी प्रबोध/ प्रवीण/ प्राज्ञ/ पारंगत प्रशिक्षण के गहन और दीर्घ-कालिक पाठ्यक्रमों में अपनेकार्यालय में सेवारत अधिकारियों/कर्मचारियों को नामित करने का अनुरोध किया। उन्होंने सूचित किया कि सभी पाठ्यक्रमों के लिए ऑन-लाइन कक्षाओं का ही आयोजन किया जा रहा है, अत: अधिक से अधिक संख्या में नामांकन भेजे जाएँ।

Dr. Naresh Bala, Asst. Director, Hindi Teaching Scheme, Hyderabad requested all member offices to nominate officers/staff serving in their offices in the Hindi Prabodh/Praveen/Pragya/Parangat intensive and long-term training courses. She informed that classes for all courses are being conducted online only. Hence more and more nominations may be sent.

(4) श्री चि.वे. सुब्बा राव, सदस्य सचिव, न.रा.का.स. द्वारा सदस्य कार्यालयों को वार्षिक कार्यक्रम 2021-2022 के लक्ष्यों से अवगत कराया गया और उनसे प्राप्त हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी कार्यालयों से अनुरोध किया कि न.रा.का.स. की बैठक में कार्यालय प्रमुख का उपस्थित होना सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक तिमाही में अनिवार्य रूप से रा.भा.का.स. की बैठक और हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जाए। सदस्य सचिव ने सभी सदस्य कार्यालयों को छमाही प्रगति रिपोर्ट समय से भेजने की अपील की।

The targets assigned in the Annual Programme 2021-2022 were brought to the notice of all member offices by Shri Ch.V. Subba Rao, Member Secretary, TOLIC which was followed by review of quarterly reports of Hindi sent by the member offices. He requested all offices to conduct an OLIC meeting and a Hindi Workshop in every quarter without fail. The Member Secretary also appealed to all member offices to send the Half-yearly report on time.

(5) राजभाषा विभाग के कार्यान्वयन कार्यालय (दक्षिण) के उप-निदेशक डॉ. के.पी. शर्मा जी ने न.रा.का.स. की बैठक में कार्यालय अध्यक्ष की उपस्थिति की अनिवार्यता पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी अमुक बैठक के लिए, जब कार्यालय प्रमुख दौरे पर हों, विदेश में हों, मंत्रालय की बैठक में हों, तब कार्यालय के दूसरे उच्चतम अधिकारी को बैठक की अध्यक्षता करने हेतु नामित किया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित सभी सदस्य कार्यालय प्रमुखों से अनुरोध किया कि राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अध्यक्षता वे स्वयं करें।

न.रा.का.स. के अध्यक्ष ने अपने संबोधन में न.रा.का.स. की अध्यक्षता में परिवर्तन की बात कही थी जिस पर डॉ. के.पी. शर्मा जी ने अन्य सदस्य कार्यालयों को स्वैच्छिक रूप से आगे आने का अनुरोध किया और अध्यक्षता में परिवर्तन की प्रक्रिया को समझाया ।

उन्होंने आग्रह किया कि डिजिटल इंडिया और आतमनिर्भर भारत के चलते हमें सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने के लिए हिंदी का उपयोग करना हम सबका उद्देश्य होना चाहिए।

अध्यक्ष महोदय ने पुन: सभी सदस्य कार्यालयों से अपील की कि वे न.रा.का.स. की अध्यक्षता स्वीकार करें । साथ ही सभी सदस्य कार्यालयों को हिंदी के कार्य के लिए स्थायी ता अस्थायी रूप से हिंदी पदों की व्यवस्था करने का अनुरोध किया । उन्होंने सदस्य सचिव से कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन में आने वाली कठिनाइयों के निराकरण को लेकर सदस्य कार्यालयों को एक पत्र लिखा जाना चाहिए ।

Dr. K.P. Sharma, Dy. Director of Implementation Office (South) of the Department of Official Language stressed on the mandatory requirement of attendance of Heads of the Offices in the TOLIC meetings. He said that for any particular meeting if the Head of the Office has to leave on a tour, or is abroad or has to leave to attend a meeting with the ministry, only then another higher officer can be nominated to attend the TOLIC meeting. He requested all the Heads of the Offices present in the meeting to chair the OLIC meetings themselves.

The Chairman of TOLIC had earlier requested in his inaugural address for change in the chairmanship of TOLIC for which Shri K.P. Sharma requested the member offices to come forward voluntarily and take up the chairmanship of TOLIC. He also explained the procedure to be followed to change the chairmanship.

He further requested all member offices to aim at use of Official Language Hindi in promotion of all welfare programmes of the Government in view of the Digital India and Atmanirbhar Bharat campaign.

The Chairman once again requested all member offices to take up the chairmanship of TOLIC. Further, he requested to make arrangements for temporary or permanent Hindi posts for Hindi work of the office. He also directed the Member Secretary to write a letter to member offices for elimination of problems with regard to implementation of Official Language Policy.

आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त सभी निदेशों को अनुपालन हेतु नोट करें और संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में सहयोग प्रदान करें । You are requested to note the above directions for compliance and co-operate in implementation of the Official Language Policy of the Union.

ग्रूप अधिकारी (प्रशा) ने देख लिया है / GO (AN) has seen.

**हस्ता/-**
**(एम.वी. सुब्रह्मणयम्)**
**वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)**